तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026

14 आजादी के 77 वर्ष बाद भी जर्जर मार्ग से परेशान हैं ...



14 जीवन विद्या की 10 मिनट की प्रस्तुति से 3 करोड़ ...





## खबर संक्षेप



### चोरी के मामले में अज्ञात पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। तेंदूकोना थाना क्षेत्र में चोरी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नवाडीह बुंदेली निवासी बालाराम ने बताया कि अलमारी से सोने-चांदी के जेवर और एक हजार रुपए नकद चोरी हो गए। जेवरों की कीमत 35 हजार रुपए बताई गई है। इसी थाना क्षेत्र के डोंगझारखार परसदा के पास एक अन्य घटना में खेत में लगा सोलर पंप और केबल वायर चोरी हो गया। प्रार्थी सीमाराम की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिले में नई गाइडलाइन जारी, 20 से लागू

**महासमुंद**। स्थाई संपत्ति के गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के संबंध में छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम, 2000 के प्रावधानों के तहत केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला मूल्यांकन समितियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार करते हुए रायगढ़, महासमुंद एवं बालोद जिलों से प्राप्त स्थावर संपत्ति की गाइडलाइन दरों के वर्ष 2025-26 के लिए पुनरीक्षण प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। पुनरीक्षित गाइडलाइन दरें 20 फरवरी 2026 से प्रभावशील होंगी। उल्लेखनीय है कि इन दरों के लागू होने से संपत्ति पंजीयन, राजस्व संकलन तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं सुगमता सुनिश्चित होगी। कलेक्टर विनय लंगेह ने जारी नवीन गाइडलाइन के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश उपपंजीयक रजिस्टार को दिए हैं।

### बायोमेट्रिक अपडेट के लिए शिविर 10 तक

**महासमुंद**। जिले में 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के छूटे हुए विद्यार्थियों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 10 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। शिविर संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर बीआरसी व संकुल स्तर पर संकुल समन्वयकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## कांग्रेस ने किया गोदावरी सोलर प्लांट के विरोध में चल रहे आंदोलन का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बिना पंचायत प्रस्ताव और अनुमति, सैकड़ों पेड़ों की अवैध कटाई करने और आदिवासियों के जमीन को हथियाते हुए 400 एकड़ के क्षेत्र में गोदावरी सोलर पावर प्लांट के विरोध में कांग्रेसजनों ने शुक्रवार को सरायपाली के जंगलबेड़ा क्षेत्र जारी आंदोलन स्थल पहुंचकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीष यादव की मौजूदगी में आगामी रणनीति पर चर्चा हुई।

जिले के सरायपाली ब्लॉक के ग्राम जंगलबेड़ा में प्रस्तावित गोदावरी सोलर प्लांट के विरोध में चल रहे आंदोलन का जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक द्वारिकाधीश यादव ने समर्थन करते हुए आंदोलन को जायज ठहराया और कहा कि प्लांट के विरोध में काफी दिनों से ग्रामीण लामबंद हैं इसके बाद भी जनता की आवाज को शासन-प्रशासन में बैठे लोग अनसुना कर रहे हैं। यादव ने कहा कि ग्राम जंगलबेड़ा में बिना ग्रामसभा के एनओसी के प्लांट स्थापित किया जा रहा है। ग्रामसभा की सहमति के अभाव में किसी भी प्रकार की परियोजना गतिविधि नियम विरूद्ध होता है। वहीं लीज डीड व कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है। प्रावधानों में स्पष्ट है कि आबंटित भूमि में स्थित किसी भी पेड़ की कटाई बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के निषिध्द है। बावजूद इसके बिना अनुमति पेड़ों की कटाई की गई है, इसकी पुष्टि तहसीलदार जांच प्रतिवेदन से हो रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री देवेंद्र बहादुर ने आंदोलन को जायज बताते हुए कहा कि बिना पंचायत प्रस्ताव के अनुमति, सैकड़ों पेड़ों की अवैध कटाई करने और आदिवासियों के जमीन को हथियाने का आरोप प्लांट प्रबंधन पर है।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष की नेतृत्व में आंदोलन स्थल पर आगामी रणनीति पर हुई चर्चा

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि दीपक साहू, मोहन भोई, भरत मेश्राम, सरायपाली शहर के ब्लॉक अध्यक्ष कमल अग्रवाल, सरायपाली ग्रामीण के ब्लॉक अध्यक्ष तेजराम पटेल, भंवरपुर के ब्लॉक अध्यक्ष घासिया सिदार, छुईपाली के ब्लॉक अध्यक्ष तन्मय पंडा, सरायपाली विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पंकज बीसी, सरायपाली ग्रामीण युवा कांग्रेस के सुनील नायक, अनिल पटेल, रूपनंद पटेल, भूपेंद्र ठाकुर, देवनाथ साहू, खेमराज सिन्हा, गणेश शर्मा, खोमेश साहू, फरमा पटेल, अमृत पटेल, दिलीप साहू, सुरेश भोई, पंकज बीसी, रमेश पटेल, पुरुषोत्तम साहू, संजय प्रधान, सुशील प्रधान, निर्मल प्रधान, निर्मल बढ़ाई, विजय शंकर नायक, सुरेश पटेल, चित्रसेन बीसी, शिवप्रसाद बारिक जयकृष्ण चौधरी,सोनसाय बरिहा,विनय भोई, जयंत चौधरी आदि मौजूद थे।



#### बिना सूचना के कंपनी को भूमि आबंटित कर दिया: विधायक नंद

सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने कहा कि ग्राम पंचायत जंगलबेड़ा में मेसर्स गोदावरी सोलर प्लांट को जिला उद्योग एवं व्यापार विभाग द्वारा लगभग 102 हे. भूमि कलेक्टर से आबंटित किया गया है। किंतु आबंटित भूमि में 90 किसानों को हरेली सहेली पट्टा योजना द्वारा 2.50 एकड़ प्रत्येक भूमिहिन किसानों को दिया गया था। जिसको शासन द्वारा बिना किसी सूचना एवं नोटिस के तथा पक्ष जाने बिना ही कंपनी आबंटित कर दिया गया है। चूंकि ग्राम सभा के द्वारा कंपनी के अनापत्ति प्रमाण पत्र के आवेदन पर ग्राम सभा द्वारा आपत्ति लगाते हुए बहुमत के साथ प्रस्ताव पारित किया गया है। लेकिन, ग्रामीणों की मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्लांट प्रबंधन की मनमानी व प्रशासन की सुस्त कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

### प्रदर्शन : आक्रोशित किसानों ने बेलसोंडा के पास दिया धरना

## कंपनी ने नहीं किया भुगतान, विरोध में रायपुर जा रहे किसानों को रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसानों की जमीन को रेग में लेकर बीज उत्पादन कराने वाली कंपनी द्वारा किसानों के साथ कथित ठगी की गई है। उत्पादन के बाद न तो किसानों से न तो बीज खरीदा गया और न ही उनके रेग राशि का भुगतान किया गया। 132 किसानों को तेलंगाना के सिकंदराबाद स्थित कंपनी कावेरी बीज कंपनी से तकरीबन सवा तीन करोड़ रुपए लेने हैं जो जुलाई 2026 से किसानों को नही मिल पाया है।

इस मामले को लेकर किसानों ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए शुक्रवार को रायपुर स्थित कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी थी जिस परिपेक्ष्य में रवाना हुए किसानों को पुलिस ने बेलसोंडा में ही रोक लिया। रैली को बेलसोंडा के पास रोके जाने के बाद किसान राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर ही धरने पर बैठ गए और करीब आधे घंटे तक चक्काजाम किया।

कृषि विभाग और पुलिस अधिकारियों ने किसानों को समझाने की कोशिश की, लेकिन शुरुआत में बात नहीं बनी। बाद में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा शीघ्र भुगतान का आश्वासन दिए जाने पर किसानों ने चक्काजाम समाप्त किया। किसानों का आरोप है कि रबी सीजन 2024-25 में तेलंगाना की कावेरी बीज कंपनी ने उनकी जमीन लीज पर लेकर बीज उत्पादन कराया, मजदूरों से काम कराया और मशीनरी का उपयोग किया, लेकिन अब तक न तो मेहनताना दिया गया और न ही लीज की राशि का भुगतान किया गया। किसानों के अनुसार 133 किसानों का कुल बकाया 3,23,26,388 है। जुलाई 2025 से फरवरी 2026 तक 2 प्रतिशत मासिक ब्याज जोड़ने पर यह राशि बढ़कर 3,74,98,610 हो चुकी है। किसानों की मांग है कि कंपनी प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और जल्द से जल्द पूरा भुगतान कराया जाए। वहीं कृषि विभाग के उप संचालक का कहना है कि जांच में मामला सही पाया गया है और शीघ्र भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी।

जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत ) छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, प्रभावित किसानों कृष्ण कुमार चंद्राकर, रोशन चंद्राकर, महेंद्र, बंजारे, प्रवीण चंद्राकर, भीखम चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, केशवराम पाल, मनीष साहू, पुष्कर चंद्राकर, धर्मेंद्र साकरकर, इन्द्राणी साहू, लता पटेल, रामकली पटेल, कमलेश ध्रुव, मोंगरा साहू, मोतिम साहू, रामेश्वरी जगत, कुंवर बाई साहू, दयाबाती साहू, कुसुम बाई साहू, दीपक सोनी आदि ने कहा कि यह केवल आर्थिक मामला नहीं है, यह किसानों और मजदूरों की मेहनत, सम्मान और जीवन से जुड़ा प्रश्न है। भुगतान न मिलने के कारण कई परिवार कर्ज में डूब चुके हैं, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित है, और आजीविका संकट में है। शासन-प्रशासन से बार-बार निवेदन करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए बाध्य होकर समस्त प्रभावित किसान एवं मजदूरों को रायपुर धनेली स्थित कंपनी के प्रसंस्करण प्लांट का घेराव करने का निर्णय लिया गया। लेकिन, शासन-प्रशासन द्वारा किसानों के हितों की बजाय कंपनी को संरक्षण प्रदान करते हुए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को कुचलने का कार्य किया गया है। किसानों ने कहा कि तत्काल प्रभाव से भुगतान सुनिश्चित नहीं हुआ तो इसे और उग्र रूप दिया जाएगा जिसमें रेल रोको आंदोलन शामिल होगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कंपनी सहित शासन प्रशासन की होगी।






#### श्रम अधिकारी ने दिया आश्वासन

श्रम अधिकारी डी एन पात्र ने मजदूरों को अश्वस्त किया कि 30 अप्रैल 2026 तक मजूदरों को भुगतान कर दिया जायेगा जिससे मजदूर मान गए। कृषि संचालनालाय के अपर संचालक चिरंजीव सरकार ने कम्पनी के प्रोसेसिंग प्लांट पर एक दिन का समय लेकर कार्रवाई करने का पत्र जारी किया है और कहा कि होली के बाद कावेरी कंपनी के प्रबंध निदेशक के साथ होली के बाद किसान प्रतिनिधियों और प्रशासन का बैठक किया जायेगा। इस आश्वासन के बाद किसानों ने अपना आंदोलन स्थगित किया।

## जब्त धान को छुड़ाने अब तक नहीं छूटे, प्रशासन ने बरती सख्ती

**महासमुंद**। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी संपन्न होने के बाद इस बार जिले में अवैध धान तस्करी पर कड़ी कार्रवाई का असर नजर आ रहा है। खरीदी समाप्त हुए लगभग 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन तस्करों के वाहन और जब्त धान अब तक नहीं छूट पाए हैं। जहां पूर्व वर्षों में तस्कर मंडी शुल्क जमा कर कुछ ही दिनों में अपने वाहन और धान छुड़ा लेते थे, वहीं इस बार प्रशासन की सख्ती के चलते प्रक्रिया पूरी तरह बदल गई है। अब भौतिक सत्यापन और उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद ही आगे की कार्रवाई की जा रही है, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लग सके। इस संबंध में कृषि उपज मंडी के सचिव दिनेश कुमार साहू ने बताया कि "पहली बार ऐसा हो रहा है कि धान तस्करों को वाहन छुड़ाने में इतनी मशक्कत करनी पड़ रही है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ही मंडी शुल्क लेकर वाहन और धान छोड़ा जाएगा।"कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशन में राजस्व, खाद्य, मंडी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अंतरराज्यीय सीमाओं पर 16 जांच चौकियां स्थापित कर सतत निगरानी की गई। इसके परिणामस्वरूप अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के 399 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 1,69,862 क्विंटल धान जब्त किया गया। जबकि पिछले वर्ष केवल 184 प्रकरणों में 12,828.15 क्विंटल धान की जब्ती हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन मामलों में स्थानीय किसानों के दस्तावेज सही पाए गए, उनके धान को प्राथमिकता के साथ छोड़ा गया है। वहीं, अंतरराज्यीय तस्करी से जुड़े मामलों में सख्त रुख अपनाया गया है, ताकि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों पर रोक लग सके। अवैध धान परिवहन के मामलों में महासमुंद जिला इस बार प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया जिले में पारदर्शिता, अनुशासन और संतुलन के साथ संपन्न हुई है। वहीं, मंडी में जब्त धान के रखरखाव को लेकर भी चिंता सामने आ रही है, जहां लंबे समय से पड़े धान को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

### निस्तारी के लिए नहर नाली से जल सुविधा प्रदान किए जाने की मांग



**महासमुंद**। ग्रामीणों और पशुधन के लिए निस्तारी के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने कलेक्टर से मांग की है कि तुमगांव स्थित भोरिंग नहर नाली से निस्तारी जल उपलब्ध कराए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। साहू ने कलेक्टर को प्रेषित पत्र में कहा है कि वर्तमान में भोरिंग स्थित आवासीय एकलव्य विद्यालय में जल आपूर्ति गंभीर रूप से बाधित हो गई है, जिसके कारण विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पेयजल एवं दैनिक उपयोग के पानी के लिए विद्यालय परिसर से बाहर जाना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि विद्यालय प्रबंधन को टैंकर के माध्यम से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है, जो अस्थायी एवं खर्चीली व्यवस्था है।इसके अतिरिक्त अछोली बेलटुकरी, अछोला, जोबा, गढ़मीवनी, मालीडीह, पिरदा, गुरुडीह सहित आसपास के सैकड़ों ग्रामों में भी गर्मी प्रारंभ होते ही जल संकट गहराने लगा है। क्षेत्र में निस्तारी जल उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीणों एवं मवेशियों दोनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## गांजा की तस्करी करते 02 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**महासमुंद**। एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स और पुलिस के द्वारा स्कूटी सवार दो लोगों के कब्जे से गांजा बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली थी थी कि टीवीएस जुपीटर वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूवी 1435 में दो व्यक्ति सरायपाली से रायपुर की ओर अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहे हैं।




इसके बाद पुलिस ने एनएच 53 मेन रोड मंडी के पास ग्राम जोगीडीपा पहुंचकर वाहन को रोका। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम कलनाथ कुशवाहा उर्फ कमलेश पिता अर्जुन कुशवाहा (32 साल) खैराटोला रूपहीटाड़ थाना भीतहा जिला पश्चिम चंपारण, बिहार हाल निवास कमल होटल कमल विहार बजरंग चौक के पास रायपुर व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार यादव पिता सज्जन यादव (40 साल) निवासी छितौनी भीमनगर थाना हनुमानगंज जिला कुशीनगर उत्तर प्रदेश हाल निवास कमल होटल कमल विहार बजरंग चौक के पास रायपुर का रहने वाले बताये।

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 24.500 किलोग्राम गांजा कीमत करीबन 12 लाख 25 हजार को बरामद किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## पहले दिन 12वीं भूगोल और भौतिकशास्त्र का हुआ पर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की परीक्षा शुक्रवार से शुरू हुई। पहले दिन कला संकाय की भूगोल और विज्ञान संकाय की भौतिक शास्त्र की परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्र से निकले परीक्षार्थियों के चेहरे पर मिला-जुला असर देखने को मिला।

बता दें कि आज शनिवार से कक्षा 10वीं की हिंदी विषय के साथ परीक्षा की शुरूआत होगी। जानकारी के अनुसार इस साल कक्षा 12 वीं के किए कुल 10570 विद्यार्थियों ने पंजीयन करया था। जिनमें कला और विज्ञान संकाय के कुल 8687 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 8575 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 112 अनुपस्थित रहे। इसी तरह 10 वीं की परीक्षा के लिए 12855 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। परीक्षाएं जिले के 115 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न होगी। आज आयोजित हुई बोर्ड की परीक्षा में शामिल कला संकाय के विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर काफी अच्छा गया। पर्चा में कुछ प्रश्नों को छोड़कर शेष सरल थे, वहीं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों का कहना था कि पर्चा सामान्य था। कुल 70 अंकों का पर्चा था जिसमें प्रेक्टिकल के नंबर मिलाकर 100 अंकों का हो जाता है।



बोर्ड परीक्षा में नकल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 5 जिला स्तरीय और 5 विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल बनाए गए हैं। ये दल परीक्षा अवधि में केंद्रों का लगातार निरीक्षण करेंगे। साथ ही जिस दिन जिस विषय की परीक्षा होगी, उस विषय के विशेषज्ञ शिक्षक की ड्यूटी संबंधित केंद्र में नहीं लगाई जाएगी।

## बसना पुलिस का बड़ा खुलासा : ग्रामीणों के नाम पर बैंक खाता खुलवाकर करोड़ों का अवैध लेन-देन, गिरोह के 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बैंकिंग धोखाधड़ी और अवैध लेन-देन के एक बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए बसना पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने ग्रामीण को झांसा देकर उसके नाम पर बैंक खाता और मोबाइल सिम हासिल की और फिर उस खाते के जरिए महज कुछ ही दिनों में 1 करोड़ रुपये से अधिक का संदिग्ध लेन-देन कर डाला।

मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार धुमाभांठा निवासी आवेदक सालिकराम यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव के ही नरेश राणा ने उसे व्यावसायिक कार्य का बहाना बनाकर झांसा दिया। नरेश ने सालिकराम के नाम पर एक मोबाइल सिम और 'बैंक ऑफ महाराष्ट्र' शाखा बसना में खाता खुलवाया। इसके बाद आरोपी नरेश राणा ने कन्हैया साव (निवासी बंसुला) के साथ मिलकर एटीएम कार्ड और पासबुक यह कहकर ले ली कि वे इसे 8-10 दिनों के लिए व्यापारिक उपयोग में लेंगे।



करोड़ों का 'ब्लैक' ट्रांजैक्शन

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने आवेदक के इस खाते को तिल्दा निवासी बिनोद रिजवानी को सौंप दिया था। शातिर आरोपियों ने अवैध लाभ कमाने के उद्देश्य से इस खाते का उपयोग धोखाधड़ी की रकम को ठिकाने लगाने के लिए किया। पुलिस की शुरुआती जांच में सालिकराम के खाते से 1 करोड़ 2 लाख 55 हजार रुपये से अधिक का संदिग्ध ट्रांजैक्शन पाया गया है।

आवेदक की रिपोर्ट पर थाना बसना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 72/26 दर्ज किया है। पुलिस ने नए कानून के तहत धारा 318(4), 317(4), और 61(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## खड़े ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार गिरे अज्ञात वाहन से कुचलकर दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बसना थाना क्षेत्र के छुईपाली टोल प्लाजा के करीब गुरुवार रात नेशनल हाईवे-53 में सड़क हादसे में दो की मौत हो गई। बाइक सवार खड़े ट्रैक्टर से टकराकर गिर गए, फिर पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। दोनों की पहचान ग्राम गौरटेक निवासी परमानंद भोई (60) और उपेश नाग (34) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार परमानंद भोई गुरुवार को अपने रिस्तेदार उपेश नाग के साथ उनकी बाइक सीजी 04 एच वी 3929 से घरेलू काम से लिमगांव गया था, जो शाम करीब 7 बजे वापस अपने घर लौट रहा था। बाइक उपेंद्र नाग चला रहा था। नेशनल हाईवे पर छुईपाली टोल प्लाजा के आगे तिवारी ढाबा के पास बिना नंबर का खड़ा ट्रैक्टर को उपेश नाग देख नहीं पाया, बाइक सीधे ट्रैक्टर से टकरा गई जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। अज्ञात वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि कुचले जाने से मांस के चिथड़े सड़क पर दूर-दूर तक बिखरे पड़े थे। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है और आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# फास्ट फूड का व्यवसाय करने वाले युवक पर हुआ जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोइरगांव (कोमाखान)

स्थानीय बाजार क्षेत्र में फास्ट फूड का व्यवसाय करने वाले एक युवक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और व्यापारियों की मांग पर पुलिस ने गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस में दर्ज एफआईआर के अनुसार, घटना 19 फरवरी 2026 की शाम लगभग 7 बजे की है। पीड़ित कृष्णा खां, जो दत्ता फास्ट फूड के नाम से ठेला लगाकर व्यवसाय करते हैं, का चिकन चिल्ली के पैसों के लेनदेन को लेकर भानूप्रताप उर्फ रिंकू चंद्राकर, नेस चंद्राकर, टिकेश देवांगन और वैभव उपाध्याय से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ अश्लील



गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों, लातों और कुर्सी से बेरहमी से मारपीट की। इस हमले में पीड़ित के माथे और गर्दन पर गंभीर चोटें आईं। हमलावरों ने ठेले में रखा सामान और अंडे भी क्षतिग्रस्त कर दिए तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभन्नि धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। धारा 296 अश्लील कृत्य व गाली-गलौज, धारा 115(2) स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, धारा 351(2) आपराधिक धमकी, धारा 191(2) एवं 190 दंगा व गैरकानूनी जमावड़ा, धारा 324(4) संपत्ति को नुकसान पहुँचाना है।

### ग्रामीणों का आक्रोश, पुलिस की त्वरित कार्रवाई

घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय व्यापारी थाने पहुंचे और सख्त कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना था कि ऐसी घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई से ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रह सकती है। मामले की जांच सिकंदर भोई द्वारा की गई, जिन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

## खबर संक्षेप



### स्वामी कैलाशानंद गिरि से भेंट कर लिया आशीर्वाद

**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि महराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया। यह मुलाकात मैग्नेटो सिगनेचर होम्स क्लब हाउस रायपुर में हुई। इस दौरान कैलाशानंद गिरि महराज ने ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों को सनातन धर्म पर ज्ञान एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेशाध्यक्ष अरविंद ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणनिधि मिश्रा, महासचिव द्वय अजय अवस्थी, डॉ. सुनील कुमार ओझा एवं प्रदेश सचिव राम तिवारी के अलावा कार्यक्रम के आयोजक सुशील ओझा और परिवार उपस्थित थे।

### पंडरी की महिलाओं ने अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति दिखाई जागरूकता

**रायपुर।** महिला सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को केंद्र में रखते हुए उत्कल महिला महामंच द्वारा "मिशन महिला शक्ति अभियान" चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को यह अभियान पंडरी क्षेत्र में महिलाओं के बीच पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता दिखाई। अभियान के दौरान श्रीमती जगत ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि "महिलाएं उठो, जागो और आगे बढ़ो। यह समय घर की चारदीवारी में सीमित रहने का नहीं, बल्कि अपने सामर्थ्य को पहचानकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का है। देश और समाज की तरक्की के लिए महिलाओं का मुख्यधारा में आना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही आत्मनिर्भरता, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार एवं आत्मरक्षा के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। उत्कल महिला महामंच का यह अभियान 8 मार्च तक निरंतर जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर समाज में सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकें।

# नगर पंचायत बसना में अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई

## सीएमओ सूरज सिदार की अगुवाई में टीम ने चलाया अभियान
## लाखों रुपए का चालान, भारी मात्रा में सामान जब्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण को लेकर नगर पंचायत प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया। नगर पंचायत बसना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सूरज सिदार के नेतृत्व में गठित टीम ने विभिन्न प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लंबे समय से सड़क किनारे ठेला-गुमटी, निर्माण सामग्री, दुकानों के बाहर फैला सामान और अस्थायी शेड के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था। आम नागरिकों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार नोटिस जारी करने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर यह सख्त कदम उठाया गया। अभियान के दौरान टीम ने जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से सड़क किनारे अवैध रूप से रखे गए सामान को हटाया तथा भारी मात्रा में सामग्री जब्त की। वहीं नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों पर लगभग लाख रुपए से अधिक का चालान भी किया गया। जब्त सामग्री को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

सीएमओ सूरज सिदार ने स्पष्ट कहा कि नगर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि पुनः अतिक्रमण पाया गया तो और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वेच्छा से नियमों का पालन करें और शहर की व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग। जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से हुई। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। नगर पंचायत द्वारा संकेत दिए गए हैं कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। ताकि, बसना नगर को स्वच्छ, सुगम और सुव्यवस्थित बनाया जा सके।

# नपाध्यक्ष ने सुनी वार्ड 11 के लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका दफ्तर में वार्ड क्र. 11 के नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने नागरिकों से संवाद कर वार्ड की मूलभूत जरूरतों को साझा किया। साथ ही नागरिकों की व्यक्तिगत समस्याएं सुनकर भी तत्काल निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग प्रभारी को दिए। नपाध्यक्ष लगातार पालिका क्षेत्र के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। साथ ही जनसमस्याओं के प्रभावी निराकरण व समाधान के लिए प्रयासरत रहते हैं। पालिका दफ्तर में नागरिकों से संवाद कर समस्याएं सुनकर वे संबंधित स्थलों के निरीक्षण भी करते हैं, तथा आवश्यकतानुसार सुविधाओं के विस्तार के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हैं।



इस अवसर पर संबंधित विभाग प्रभारी गण व नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नागरिकों ने पालिका अध्यक्ष कक्ष में साहू के समक्ष नल कनेक्शन, सड़क, नाली, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, परिवार सहायता योजना, जन्म-मृत्यु पंजीयन की समस्याएं तथा बच्चों के जाति-निवास प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्याओं को साझा किया। जिस पर पालिकाध्यक्ष ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक पहल करने के निदेश अधिकारियों को दिए।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ समृद्धि की ओर अग्रसर: येतराम



**महासमुंद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 62 वें जन्मदिवस पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि उनके कुशल, दूरदर्शी एवं संवेदनशील नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के स्वर्णिम अध्याय की ओर अग्रसर है। साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के जन्म दिवस 21 फरवरी को भाजपा परिवार द्वारा सेवा–सुशासन–संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेश में अनेक ऐतिहासिक एवं जनहितकारी निर्णय लिए गए हैं। किसानों के हित में धान खरीदी व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया तथा कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा प्रदान की गई। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला। युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों का विस्तार किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सड़क, पुल एवं अधोसंरचना विकास के कार्यों को गति दी गई है, जिससे गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंच रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। बस्तर सहित संवेदनशील क्षेत्रों में शांति स्थापना एवं सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त कर विकास का मार्ग प्रशस्त किया गया है। साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की नई परंपरा स्थापित हुई है। सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे प्रदेश के हर वर्ग में विश्वास और संतोष का वातावरण निर्मित हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं वैश्विक पहचान दिलाने के लिए सतत प्रयासरत हैं।



### दुल्हनों को मिल रहा शादी का जोड़ा

**झलप।** शादियों के सीजन के बीच इन दिनों क्षेत्र में हो रही शादियों की जानकारी मिलने के साथ ही विधायक योगेश्वर राजू सिंहा द्वारा शादी का जोड़ा भेंट पहुंच रहा है। लड़का शादी होने पर शेरवानी और लड़की शादी होने पर शादी का जोड़ा पहुंचने से क्षेत्र के नवविवाहित जोड़े और उनके परिजन काफी उत्साहित हैं। उल्लेखनीय है कि बीते दिनो में करीब 35-40 दुल्हनों को विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, प्रिया सिंहा या स्थानीय भाजजपा कार्यकर्ता शादी का जोड़ा लेकर पहुंच रहे हैं।

# डिप्टी कलेक्टरों ने किया बृजराज स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बृजराज का आकस्मिक निरीक्षण डिप्टी कलेक्टर शुभम देव एवं डिप्टी कलेक्टर तेजपाल ध्रुव ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न बिंदुओं एवं घटकों का बिंदुवार निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान स्मार्ट क्लास, इंटरनेट सुविधा, फर्नीचर की उपलब्धता, पुस्तकालय में पुस्तकों का रखरखाव तथा पुस्तकों के आगमन-निर्गमन पंजी का अवलोकन किया गया। साथ ही सुव्यवस्थित खेल सामग्री, मिशन लाइफ के अंतर्गत सक्रिय युवा एवं इको क्लब गठन की स्थिति, बाला पिक्चर एवं जादुई पिटारा, टीएलएम के उपयोग, बच्चों एवं शिक्षकों को प्रदाय किए गए आई-कार्ड, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, पूर्णतः



क्रियाशील हाथ धोने की सुविधा एवं शौचालय तथा बैगलेस डे गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों के अधिगम स्तर का आकलन करने के लिए उनसे पठन एवं गणितीय कौशल से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका बच्चों ने सही उत्तर दिया। डिप्टी कलेक्टरद्वय ने बच्चों के साथ जादुई अंक का खेल भी खेला और बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। साथ ही बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्साहपूर्वक उत्तर दिया गया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, एपीसी संपा बोस, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर, प्रधान पाठक गोमती साहू तथा शिक्षकगण मनीषा साहू, देवेंद्र ठाकुर, स्वाति सिन्हा, बिमलेश्वरी दुबे, पूजा नेताम एवं रेखराम ध्रुव उपस्थित रहे।

# जिले के चार खिलाड़ियों ने जीते 14 राष्ट्रीय पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

45वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 13 से 15 फरवरी 2026 तक जबलपुर, मध्यप्रदेश में आयोजित किया गया। जिसमें भारत के सभी राज्यों से लगभग 1426 एथलीटों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ की टीम भी चैंपियनशिप में शामिल रहीं। छत्तीसगढ़ टीम में महासमुंद जिले से चार खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें महासमुंद से पुरुष वर्ग में आरक्षक महासमुंद से साधुराम ध्रुव, सहायक शिक्षक बांजीपुर से जनक राम ध्रुव, सहायक शिक्षक बागबाहरा से दौलत राम दीवान एवं महिला वर्ग में प्रधान पाठक आमापारा मुनगासेर से रामबती ठाकुर शामिल हुए। साधुराम ध्रुव ने 800 मी. दौड़ में सिल्वर मेडल, 400 मीटर हर्डल में गोल्ड मेडल, 4×100 मीटर रिले रेस में सिल्वर मेडल एवं 4×400 मीटर रिले रेस में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। साधुराम ध्रुव ने 01 स्वर्ण पदक एवं 03 रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया। जनक राम ध्रुव ने 100 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल, लंबीकूद में गोल्ड मेडल, 400 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल एवं 4×400 मीटर रिले रेस में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जनक राम ध्रुव ने 02 स्वर्ण पदक एवं 02 रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया। दौलत राम दीवान ने 5000 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल, 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल एवं 4×400 मीटर रिले रेस में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दौलत राम दीवान ने 02 स्वर्ण पदक एवं 01 रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया। रामबती ठाकुर ने 100 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल, 80 मीटर हर्डल में गोल्ड मेडल एवं लंबीकूद में सिल्वर मेडल जीता। रामबती ठाकुर ने 02 स्वर्ण पदक एवं 01 रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया। इस प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य दल में 42 एथलीटों ने 21 स्वर्ण पदक, 28 रजत पदक एवं 19 कांस्य पदक सहित कुल 68 पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम पूरे भारत में रौशन किया। खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, विद्यालय प्राचार्य एवं स्टॉफ एवं खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।





# कृतेश का ईस्ट ज़ोन विजी ट्रॉफी में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण है कि हमारे उदीयमान क्रिकेटर कृतेश साहू का चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित विजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ईस्ट ज़ोन टीम में किया गया है। यह चयन न केवल कृतेश की व्यक्तिगत उपलब्धि है,बल्कि टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के समर्पित प्रशिक्षण और उत्कृष्ट खेल संस्कृति का भी प्रमाण है। विज्जी ट्रॉफी देश की प्रमुख अंतर-क्षेत्रीय (इंटर-ज़ोनल) क्रिकेट प्रतियोगिताओं में से एक है,जिसमें पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और मध्य ज़ोन की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलता है। इस प्रतियोगिता में चयनित होना किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है, क्योंकि यह राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का सशक्त मंच प्रदान करता है। कृतेश साहू ने कटक मे आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता मे पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी के कप्तान के रूप मे खेलते हुए पहले मैच मे घासीदास विश्व विद्यालय के खिलाफ 59 बॉल मे 124 रन की पारी खेली!दूसरे मैच मे रांची यूनिवर्सिटी के खिलाफ 51 बॉल मे 101 रन की पारी की बदौलत वी.जी ट्रॉफी टीम मे अपनी जगह बनाई। कृतेश विजी ट्रॉफी के पहले कटक ओडिशा में 19 से 24 फरवरी तक विजी ट्रॉफी के लिए कैंप मे रहेंगे। कैंप के पश्चात टीम गोवा के लिए रवाना होगी जहां 1 मार्च से विजी ट्रॉफी प्रतियोगिता शुरू होगी। कृतेश साहू ने पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न आयु-वर्गीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कृतेश साहू पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय टीम के दो बार कप्तान भी रह चुके है। टर्मिनेटर एकेडमी के मुख्य कोच एनआईएस क्रिकेट कोच डॉ शबाब कुरैशी ने कहा, कृतेश शुरू से ही एक समर्पित और मेहनती खिलाड़ी रहे हैं। वो आधुनिक क्रिकेट के सशक्त विकेट कीपर बल्लेबाज है। वे हर सत्र में अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे ईस्ट ज़ोन टीम के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन करेंगे और आने वाले समय में उच्च स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएंगे। कृतेश का यह चयन आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा। कृतेश साहू ने भी अपने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस अवसर को पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे।



# फर्जी दस्तावेज से खैर लकड़ी की तस्करी कर रहे चार लोग गिरफ्तार किए गए

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने अवैध रूप से खैर लकड़ी की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 353 पर ग्राम भिलाई दादर के पास एक अंतरराज्यीय गिरोह को रंगे हाथों दबोचा है। शातिर तस्कर फर्जी सील चिन्ह और कूटरचित दस्तावेजों के सहारे कीमती खैर लकड़ी का परिवहन कर रहे थे। इस मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश और ने छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस एनएच-353 पर ग्राम भिलाई दादर के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की थी। इसी दौरान एक संदिग्ध आयशर ट्रक क्रमांक यूपी 65 आईटी 6829 को रोका गया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में खैर की लकड़ी लदी हुई पाई गई। जांच के दौरान जब पुलिस ने वाहन में सवार लोगों से लकड़ी के परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे, तो उन्होंने फर्जी सील चिन्ह लगे कागजात पेश किए। जब कड़ाई से पूछताछ की गई तब पता चला कि तस्करों ने वन विभाग और पुलिस चकमा देने के लिए जाली दस्तावेज तैयार किए थे। पुलिस ने इस मामले में गिरोह के मुख्य सदस्य हरे राम गुप्ता (36 वर्ष), निवासी मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश, अनिल साहू (20 वर्ष), निवासी नवागढ़ बेमेतरा, दीपक जाट निवासी बेमेतरा और नितिन शर्मा निवासी रायपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से लगभग 10 टन खैर लकड़ी जब्त की है, जिसकी बाजार में कीमत करीब 4 लाख रुपये आंकी गई है। साथ ही घटना में प्रयुक्त 15 लाख रुपये का आयशर ट्रक और तस्करों की मदद के लिए साथ चल रही कार क्रमांक सीजी 22 जी 2788 कीमत 3 लाख रुपये को भी बरामद किया गया है। आरोपियों के पास से 5 नग मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं, जिनके कॉल रिकॉर्ड्स के जरिए पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों और लकड़ी के स्रोत का पता लगा रही है। आरोपियों के खिलाफ जालसाजी और वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# भू-अभिलेख नामांतरण के 21 हजार से अधिक मामले लंबित, 3 माह से एक साल तक पुराने केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जमीन जायदाद के नामांतरण के मामलों में सुनवाई में लेट-लतीफी का आलम ये है कि चालू राजस्व वर्ष 2025-26 में ही 21 हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं। ये सभी मामले 3 माह से लेकर एक साल तक से लंबित हैं। खास बात ये है कि नियम के मुताबिक अविवादित मामलों में 3 माह और विवादित मामलों में 6 माह ने निराकरण करने का आदेश है। जिन लोगों को जायदाद का नामांतरण अपने नाम करवाना है, वे इस लंबित मामलों को लेकर बेहद परेशान हैं। राज्य में राजस्व विभाग के लंबित मामलों के निराकरण के लिए सरकार उच्च स्तर से कई बार और बार-बार निर्देश आदेश जारी किए जाते रहे हैं, लेकिन इस काम के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर लगता है अब तक कोई असर नहीं हो रहा है।एक नजर नामांतरण के लंबित मामलों परराज्य में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में भू-अभिलेखों के नामांतरण के कुल 37 हजार 942 प्रकरण दर्ज है। इनमें से 16 हजार 539 केस का निराकरण हो चुका है। लंबित मामलों की कुल संख्या 20 हजार 735 है। इसमें स्थगित प्रकरणों को जोड़ दिया जाए तो यह संख्या 668 को जोड़ने पर कुल मामलों की संख्या 21 हजार 403 होती है।

इस संबंध में राजस्व सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले का कहना है कि इन प्रकरणों में अंतिम आदेश पारित होना आवश्यक है।

## रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा में सबसे अधिक मामले पेंडिंग

### तीन माह से लेकर एक साल से हैं लंबित

राज्य शासन के नियम के मुताबिक नामांतरण के अविवादित मामलों का 3 माह में निराकरण होना चाहिए। विवादित प्रकरणों के लिए यह समय सीमा 6 माह तक रखी गई है। अब तीन माह से लंबित मामले 6 हजार 800 है। तीन से छह माह से लंबित 3 हजार 790 केस हैं, जबकि एक साल से अधिक समय से लंबित मामले 8 हजार 317 हैं। इस



### सबसे अधिक लंबित मामले रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर में

अब अगर बात की जाए कि नामांतरण के सबसे अधिक मामले किस जिले में लंबित है, तो इस मामले में रायपुर जिला प्रदेश में 1499 प्रकरणों के साथ सबसे आगे है। दूसरे नंबर पर दुर्ग जिला है, जहां 1180 प्रकरणों का निराकरण नहीं हो पाया है। तीसरे नंबर पर बिलासपुर जिला है जहां 1080 के लंबित है।

### आटो नामांतरण का क्या हुआ

राज्य में यह व्यवस्था भी है कि जमीन, मकान की बिक्री संबंधी दस्तावेज की रजिस्ट्री होने के बाद ऑटोमेटिक सिस्टम से नामांतरण होता है। लेकिन राज्य भर में जितनी संख्या में ये मामले लंबित है, उन्हें देखते हुए नहीं लगता है कि नामांतरण आटोमेटिक हो रहा है।कलेक्टर और पंचायतों को है अधिकार जानकार सूत्रों के अनुसार नामांतरण संबंधी मामलों में कलेक्टर को अधिकार दिया गया है। कलेक्टर का दायित्व ये भी है कि वे अपने अधीन राजस्व अधिकारियों की हर तीन माह में बैठक लेकर मामलों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करें। लेकिन ये काम किस तरह हो रहा है, ये साफ नहीं है। जबकि कलेक्टर के मूल काम में ये विषय शामिल है।

**खबर संक्षेप**

## बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव: तुषार



**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू ने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। पूरे वर्ष की मेहनत, अनुशासन और लगन का यह परिणाम देने का समय है। उन्होंने विद्यार्थियों से शांत मन से प्रश्नपत्र पढ़ने, समय का सही प्रबंधन करने तथा पूरे आत्मविश्वास के साथ उत्तर लिखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केवल ज्ञान की नहीं, बल्कि धैर्य, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच की भी परीक्षा होती है। घबराहट स्वाभाविक है, परंतु उसे अपने हौसले पर हावी न होने दें। निरंतर परिश्रम अवश्य रंग लाता है और सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि प्रयास और सीखने की भावना से मापी जाती है। तुषार ने विद्यार्थियों से अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आह्वान करते हुए कहा कि परिणाम चाहे जो हो, अनुभव और सीख जीवनभर साथ रहती है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों के शानदार सफलता की कामना की।

# निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम के डाटा एंट्री ऑपरेटरों का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

## आरसीएच 2.0, एचएमआईएस एवं पीसीएनडीटी पोर्टल पर हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत ऑनलाइन रिपोर्टिंग एवं प्रविष्टि प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए जिले के समस्त निजी नर्सिंग होम, हॉस्पिटल में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला सफलतापूर्वक हुआ। यह प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के निर्देशानुसार होटल स्वर्ण में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आरसीएच 2.0 पोर्टल, पीपीएनडीटी पोर्टल, एचएमआईएस पोर्टल, ई-कल्याणी तथा ऑनलाइन फॉर्म एंट्री सहित विभिन्न मॉड्यूल पर विस्तृत तकनीकी जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



कार्यक्रम में आरएमएनसीएच ए सलाहकार संदीप चंद्राकर मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ऑनलाइन प्रविष्टि से संबंधित सामान्य त्रुटियों, समयबद्ध रिपोर्टिंग तथा पोर्टल संचालन के आवश्यक बिंदुओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर ने बताया कि आरसीएच 2.0 पोर्टल के माध्यम से गर्भवती माताओं को प्रदायित की जाने सेवाओं जैसे कि गर्भावस्था जांच, सोनोग्राफी, विशेष लैब जांच, सिजेरियन ऑपरेशन आदि की जानकारी सेवा प्रदायगी संस्थाओं से पोर्टल में प्रविष्ट की जाएगी, जिसे किसी भी संस्था स्तर पर उनके आभा-आईडी या मोबाइल नंबर के माध्यम से पूरे देश में कही पर भी पोर्टल से प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से निजी स्वास्थ्य संस्थानों में राष्ट्रीय कार्यक्रमों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग अधिक सटीक, पारदर्शी एवं समयबद्ध होगी, जिससे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी एवं योजना निर्माण में भी सहायता मिलेगी।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन 23 से, होंगी विविध प्रतियोगिताएं

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का आयोजन प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं मनीराम धीवर के संयोजन में किया जाएगा उसी तारतम्य में बैठक आयोजित की गई। मनीराम धीवर ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने का उद्देश्य लोकप्रिय विज्ञान वार्ता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रदर्शनियां एवं परिचय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रश्नोत्तरी/ निबंध/ बहस, विज्ञान को मनोरंजक तरीके से सीखना, विज्ञान किट बनाना, वीडियो निर्माण प्रतियोगिता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सर चंद्रशेखर वेंकट रमन के जीवन और योगदान पर भाषण प्रतियोगिता, सेमिनार, संगोष्ठियां आदि आयोजित कर मनाया जाना है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का थीम वूमेन इन साइंस कैटलाइजिंग विकसित भारत है। इसके परिप्रेक्ष्य में 23 से 26 फरवरी 04 दिवस तक विज्ञान दिवस विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित कर मनाया जाएगा। 23 फरवरी को दोपहर 12 बजे से साइंस विथ फन कंप्टीशन भौतिकशास्त्र विभाग द्वारा प्रभारी डॉ जगदीश कुमार सत्यम है। दोपहर 02 बजे से वनस्पतिशास्त्र विभाग द्वारा प्रश्न मंच प्रतियोगिता प्रभारी डॉ जागृति चंद्राकर है। 24 फरवरी को दोपहर 12 बजे से कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता प्रभारी डॉ अजय कुमार देवांगन है। गणित विभाग द्वारा दोपहर 02 बजे से वाद विवाद प्रतियोगिता प्रभारी रुपावती है। 25 फरवरी को रसायनशास्त्र विभाग द्वारा साइंस विथ वन मिनट प्रतियोगिता प्रभारी प्रदीप कन्हेर है। एवं दोपहर 02 बजे से प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, जिसके प्रभारी प्रियंका सोनवानी है। 26 फरवरी को समस्त प्रतियोगिताओं का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पुरस्कार वितरण एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सेलिब्रेशन आयोजित किया जाएगा।

# विशेष गहन पुनरीक्षण 2026, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में प्रदेश में मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटि रहित बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की प्रक्रिया तीव्र गति से संचालित की जा रही है। एसआईआर के अंतर्गत ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया गया था। इसके उपरांत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक पूर्ण की गई। वर्तमान में प्राप्त दावों एवं आपत्तियों पर सुनवाई तथा दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया 14 फरवरी 2026 तक की गई। एसआईआर की गणना चरण के दौरान प्राप्त गणना प्रपत्रों के आधार पर, जिन मतदाताओं का मिलान वर्ष 2003 की विशेष गहन पुनरीक्षण (एआईआर) मतदाता सूची से नहीं हो पाया, उन्हें संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नियमानुसार दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किए गए। सभी संबंधित मतदाताओं को सुनवाई का पूर्ण अवसर प्रदान किया गया। सुनवाई के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य 13 निर्धारित दस्तावेजों में से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद दावा-आपत्ति अवधि के दौरान जिन वैध मतदाताओं का नाम सूची में शामिल नहीं था, उन्होंने नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र-6, मतदाता विवरण में सुधार के लिए घोषणा पत्र सहित प्रपत्र-8 तथा नाम विलोपन अथवा आपत्ति के लिए घोषणा पत्र सहित प्रपत्र-7 प्रस्तुत किए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दावा-आपत्ति अवधि (23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026) के दौरान विधानसभा स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा साप्ताहिक बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में प्रति सप्ताह प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई, ताकि राजनीतिक दलों द्वारा सूचियों का अवलोकन कर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं अपात्र मतदाताओं के नाम विलोपन की प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा सके। दावों एवं आपत्तियों की सुनवाई तथा सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पात्र पाए गए आवेदनों का विधिवत निस्तारण किया जा रहा है। 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## संतपाली में संकुल स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन, शिक्षण नवाचारों को मिली नई उड़ान

**बसना।** समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत बसना विकासखंड के संकुल केंद्र संतपाली में संकुल स्तरीय टीएलएम शिक्षण-अधिगम सामग्री मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे एवं बीआरसीसी अनिल सिंह साव के मार्गदर्शन में हुआ। संकुल प्रभारी लोकनाथ जगत तथा संकुल समन्वयक भूपेश कुमार पाढ़ी के कुशल संचालन और नेतृत्व में यह शैक्षिक मेला सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किया गया, जिसमें संकुल अंतर्गत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर संकुल समन्वयक भूपेश कुमार पाढ़ी ने टीएलएम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब किसी अवधारणा को मूर्त रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तो विद्यार्थियों की समझ, रुचि और सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इससे सीखने की प्रक्रिया न केवल प्रभावी बनती है, बल्कि दीर्घकालिक और स्थायी भी होती है। कार्यक्रम में दामोदर दास वैष्णव, इंदल सिंह सिदार, जयप्रकाश नायक, नीलांबर चौधरी, देवेंद्र पटेल, ललिता सिंह राजपूत, राजेश जगत, युधिष्ठिर राय, कौशल नायक, चिंतुकंवर पटेल, सुरेश पटेल, दिलेश्वरी चौधरी, अयाज़ मोहम्मद सहित संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता रही।










समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें जर्नलिस्ट आर.के. दास (अधिकृत पत्रकार, बसना-महासमुंद) आदर्श नगर बसना 7400503002, 8319871590

## खबर संक्षेप

### योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राहियों का भाजयुमो करेगा सम्मान

**महासमुंद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 62वें जन्मदिन पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के नेतृत्व में राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राहियों का सम्मान करेगा। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा ने मोर्चा के सभी पदाधिकारी का वर्चुअल बैठक लेते हुए कहा कि आज प्रदेश का हर परिवार सरकार की किसी-न-किसी योजना का लाभ ले रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। तेंदूपत्ता संग्राहकों से 5500 रुपए में तेंदूपत्ता की खरीदी की जा रही है। प्रदेश के लगभग 27 लाख किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी की जा रही है। साथ ही प्रदेश में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के लगभग 26 लाख हितग्राही लाभ ले रहे हैं।

### खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। महाप्रबंधक जिला व्यापार एव उद्योग केंद्र एमएल साहू ने बताया कि इस योजना के तहत राइस मिल, दाल मिल, आटा, बेसन, मैदा निर्माण, मसाला, बेकरी उत्पाद, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, पापड़-बड़ी, नमकीन-मिक्चर, अचार, सॉस, जैम, जेली, गुड़, चॉकलेट, कन्फेक्शनरी, मिठाई उत्पाद, आइसक्रीम, पशु आहार, मछली आहार, मशरूम उत्पाद, मुर्गी आहार, चटनी, जूस, साबुदाना, घी, पोहा निर्माण, लहसुन-प्याज एवं अदरक पेस्ट, पेठा, तिलकुट सहित अन्य खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की जा सकती हैं।

### निधन

#### शशिकांत पाड़े



**नर्रा।** ग्राम उखरा निवासी शशिकांत पाड़े (37) का आकस्मिक निधन 17 फरवरी मंगलवार को हो गया। अंत्येष्टि कार्यक्रम में लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे पुरूषोत्तमलाल पाड़े का सुपुत्र थे।

# राजेश्वरी ने खोला बुटीक व इलेक्ट्रिकल्स शोरूम, बनीं महिला आत्मनिर्भरता की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम म.क. बाहरा की सखी सहेली महिला स्व सहायता समूह की सदस्य राजेश्वरी चंद्राकर ने मेन रोड खल्लारी में बुटीक एवं इलेक्ट्रिकल्स शोरूम का शुभारंभ किया। दुकान का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और महिला समूह की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर ने कहा कि यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बिहान योजना महिलाओं को आत्मविश्वास, संसाधन और मंच प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में जनपद सभापति भूमिका रामलाल सिन्हा, जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, सरपंच संघ अध्यक्ष एडिसन ठाकुर, पूर्व सरपंच रामलाल सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश पटेल, उमेश साहू, मुबारक अली खान, उत्तम राणा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आकाश चंद्राकर, तूफान दीवान, बालमुकुंद सिन्हा, प्रीतम साहू सहित जनपद के अधिकारी एकलदेव निषाद, शिवम नगारची, हेमंत दुबे, गायत्री सिन्हा, भारती विश्वकर्मा, टिकेश्वरी मौजूद रहे।



बिहान योजना से बदली तकदीर

### प्रशिक्षण से व्यवसाय तक का सफर

राजेश्वरी चंद्राकर ने बताया कि वे लंबे समय से रीपा में एलईडी बल्ब निर्माण कार्य से जुड़ी रही हैं और अपने पति चेतन रिंकू चंद्राकर के टेंट एवं डीजे व्यवसाय में भी सहयोग करती रही हैं। उद्यमिता की इसी पृष्ठभूमि ने उन्हें स्वयं का कारोबार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। बिहान योजना के अंतर्गत आरएफ, सीआईएफ तथा बैंक लिंकेज के माध्यम से लगभग 10 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। एलईडी निर्माण और ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण लेने के बाद उन्होंने बुटीक और इलेक्ट्रिकल्स शोरूम की स्थापना की। उनका उद्देश्य केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनना नहीं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। राजेश्वरी ने कहा कि योजनाओं का सही मार्गदर्शन और परिवार का सहयोग मिलने पर महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं।

## आजादी के 77 साल बाद भी अंचल को पक्की सड़क का इंतजार

# आजादी के 77 वर्ष बाद भी जर्जर मार्ग से परेशान हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिला महासमुंद पिथौरा ब्लाक के वन कक्ष क्रमांक 256 पिपरौद एवं कंचनपुर वन कक्ष क्रमांक 287 की है। बताया जाता है कि ग्रामीण कई बार क्षेत्रीय विधायक एवं संबंधित अधिकारियों को जर्जर मार्ग को लेकर अवगत कराया, जो कि आज तक लोगों को आश्वासन ही मिला।

सांकरा से कंचनपुर की दूरी 5 एवं सांकरा पंडरीपानी की दूरी 7 किलोमीटर है लेकिन, जर्जर मार्ग के चलते कंचनपुर से सांकरा 14 एवं पंडरीपानी से सांकरा की दूरी 16 किलोमीटर तय करना पड़ता है, जिसके चलते एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाते। आजादी के 77 वर्ष बाद भी ग्रामीण गड्ढों से भरे जर्जर मार्ग पर चलने से मजबूर है। गड्ढों में तब्दील मार्ग, जिससे पंडरीपानी, बारिकपाली, कंचनपुर, पौसराडिपा, मोहगांव, छुवालीपतेरा जैसे दस गांव के ग्रामीणों को रास्ता चलने पर कदम-कदम पर खतरा बना रहता है, राहगीर जान जोखिम में डालकर गढ्ढे से भरे जर्जर मार्ग पर चल रहे है।





बच्चों को जर्जर मार्ग के चलते पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीण जन बस एक ही उम्मीद लगाए बैठे है। आखिरकार मार्ग बनेगी तो कब, प्रधानमंत्री सड़क योजना की लाभ मिलेगी भी या यूं चलता रहेगा जैसे चलता आ रहा था। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि पता करते हैं, इस्टीमेट रेडी है या नहीं, कम का होगा तो स्वीकृति प्रदान कर देंगे, ज्यादा का होगा तो स्टेट से सहायता मांगेंगे, ताकि ग्रामीणों की परेशानी दूर हो सके।

## धूम्रपान मुक्त ग्राम पंचायत बनाने बेलसोंडा में ग्राम स्तरीय समन्वय समिति का गठन व बैठक आयोजित



**महासमुंद।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के निर्देशन में ग्राम पंचायत बेलसोंडा को धूम्रपान मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के उद्देश्य से बेलसोंडा में ग्राम स्तरीय समन्वय समिति का गठन व बैठक आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे एवं जिला नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉक्टर छत्रपाल चंद्राकर की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में सरपंच, उपसरपंच, पंच, शिक्षा विभाग के संकुल समन्वयक, शिक्षक गण, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण व छात्र- छात्राएं मौजूद थे। बैठक में पीपीटी के माध्यम से धूम्रपान के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया व नशामुक्ति केंद्र व कोटपा अधिनियम के समस्त धाराओं के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, टीबी मुक्त पंचायत विषय पर चर्चा की गई। साथ ही ग्राम पंचायत को धूम्रपान मुक्त करने के मापदंडों को विस्तार से समझाया गया व उससे संबंधित आईईसी वितरित की गई। विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों को शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त करने के मापदंडों को विस्तार से समझाया गया। तत्पश्चात मितानिनों के द्वारा दीवार लेखन का कार्य पूर्ण किया गया व विद्यार्थियों के साथ रैली का आयोजन किया गया।

## वीबी जी राम जी योजना लोगों के जीवन में लाएगी बदलावः दिशा



**महासमुंद।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना वीबी राम जी विकसित भारत रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण के प्रचार प्रसार के तहत महासमुंद क्षेत्र के ग्राम खट्टा में लोगों को योजना की जानकारी दी गई। ग्राम खट्टा में मजदूरों से सीधा संवाद किया और योजनाओं के लाभ विस्तार से बताया। महासमुंद जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान ने बताया कि अब रोजगार के दिन 100 दिन से बढ़कर 125 कर दिए गए हैं और काम अपने ही गांव में उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना गांव और गरीब के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने वाली है, जिसे हर गांव तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में रामस्वरूप दीवान अध्यक्ष प्रतिनिधि, ग्राम के उपसरपंच गिरीश नायक, रोजगार सहायक दुजराम निषाद, गौरी दीवान मेट और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जिले के अजजा वर्ग के युवाओं एवं उद्यमियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अनुसूचित जनजाति वर्ग के बरोजगार युवाओं एवं उद्यमियों का स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि योजना के तहत सेवा क्षेत्र में अधिकतम 20 लाख रुपये तथा निर्माण क्षेत्र में 50 लाख रुपये तक का ऋण बैंको के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। पात्र उद्योग में निर्माण क्षेत्र अंतर्गत फ्लाई ऐश ब्रिक्स, अगरबत्ती, साबुन, वाशिंग पाउडर, फर्नीचर, स्टील रैक, कूलर, नोटबुक-रजिस्टर निर्माण, प्लास्टिक आइटम, सीमेंट टाइल्स, वर्मी कम्पोस्ट, बैग, जूता-चप्पल, रजाई-गद्दा निर्माण सहित अन्य उद्योग पात्र हैं। इसी तरह सेवा क्षेत्र अंतर्गत टेंट हाउस, होटल ढाबा, रिपेयरिंग सेंटर, मोबाइल रिपेयरिंग, ड्राई क्लीनिंग, एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन रिपेयरिंग, च्वाइस सेंटर, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, यात्री वाहन, मुर्गी पालन, मछली पालन सहित अन्य सेवाएं शामिल हैं।

# बावनकेरा में तीन दिवसीय रामकथा का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम बावनकेरा में तीन दिवसीय आयोजित राम कथा के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू पहुंचे। तुषार साहू ने कहा कि भगवान श्रीराम के बारे में महर्षि वाल्मीकि द्वारा अनेक कथाएं लिखी गई हैं। वाल्मीकि के अलावा प्रसिद्ध महाकवि तुलसीदास ने भी श्रीराम के महत्व को लोगों को समझाया है। भगवान राम ने कई ऐसे महान कार्य किए हैं, जिसने हिंदू धर्म को एक गौरवमयी इतिहास प्रदान किया है। भगवान विष्णु ने राम बनकर असुरों का संहार करने के लिए पृथ्वी पर जन्म लिया। भगवान श्रीराम ने मातृपितृ भक्ति के चलते अपने पिता राजा दशरथ के एक आदेश पर 14 वर्ष तक वनवास काटा। नैतिकता, वीरता, कर्तव्यपरायणता के जो उदाहरण भगवान राम ने प्रस्तुत किए वह बाद में मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक बन गए। इस अवसर पर उपसरपंच द्रोण चंद्राकर, पंच छगु नेताम, कर्मा सेना झलप मंडल अध्यक्ष योगेश, कर्मा सेना पटेवा मंडल अध्यक्ष रुमेश साहू, कोषाध्यक्ष भोग प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष अजय साहू, टीकम साहू, नारायण साहू, कुशल आदि मौजूद रहे।



## 105 ग्राम पंचायतों में सामूहिक रूप से आवास तिहार का आयोजन

**महासमुंद।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार आवास निर्माण को गति देने के लिए आवास तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कुल 13,754 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से प्रथम किस्त जारी होने के बावजूद 3,274 आवास अब तक अप्रारंभ थे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाकर अप्रारंभ आवासों का ले-आउट कर निर्माण प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महासमुंद बरनसिंग मंडावी के नेतृत्व में महासमुंद विकासखंड के 105 ग्राम पंचायतों में सामूहिक रूप से आवास तिहार का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत 19 फरवरी को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वीकृत अप्रारंभ आवासों का शुभारंभ करते हुए 611 हितग्राहियों से भूमिपूजन एवं नींव खुदाई कराई गई। जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत भोरिंग में आयोजित जन चौपाल में जनपद सीईओ मंडावी द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजना को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने हितग्राहियों से निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक मौजूद थे।

# जीवन विद्या की 10 मिनट की प्रस्तुति से 3 करोड़ दान : कोकडिया

## 4 लाख इलेक्ट्रिक स्कूटी बेचकर जीवन विद्या आधारित स्कूल खोला, राजकोट गुजरात में अभिभावक स्कूल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लिम इंटरनेशनल स्कूल राजकोट गुजरात में आयोजित चेतना विकास मूल्य शिक्षा संचालित अभिभावक विद्यालय के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विद्यालय के 600 से अधिक सभी अभिभावकों, शिक्षकों व बच्चों को छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग महासमुंद से गए सरकारी शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने मानवीय मूल्यों की शिक्षा की प्रक्रिया, जरूरत, उपलब्धियों के बारे में संवाद करते हुए बताया कि स्कूल संचालक पायल नितेश पटेल एक आदर्श महिला हैं, जो अपने पति नितेश पटेल के अखंड समाज सार्वभौम व्यवस्था और सर्वशुभ की इच्छा को सम्मान करते हुए 3 करोड़ की लागत से लिम इंटरनेशनल स्कूल शुरुआत की हैं, जिसका एकमात्र उद्देश्य है, चेतना विकास मूल्य शिक्षा आधारित शिक्षण पद्धति, से हर बच्चे को एक अच्छा और सच्चा इंसान बनाना, अरबपति उद्योगपति नितेश पटेल जीएमकेएस इलेक्ट्रिक बाइक खुद बनाते हैं, जिसका 4 लाख पीस वो गुजरात में बेच चुके हैं, जिसकी लागत महज 31 हजार रुपए है। राजकोट गुजरात के आत्मीय विश्व विद्यालय में आयोजित जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कोकड़ी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल कोकडिया मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही महासमुंद छत्तीसगढ़ की 10 मिनट की जीवन विद्या की प्रस्तुति से प्रभावित होकर उन्होंने 4 लाख इलेक्ट्रिक बाईक बेचकर कमाए 3 करोड़ की राशि को पत्नी पायल पटेल के नाम से लिम इंटरनेशनल स्कूल खोलकर मानव समाज के विकास के लिए दान कर दिए। अब आगे गुजरात में नरेंद्र मोदी स्टेडियम अहमदाबाद में चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्यशाला आयोजित करने का योजना बना रहे हैं, जिसमें गुजरात, छत्तीसगढ़ समेत भारत के सभी राज्यों से जीवन विद्या और चेतना विकास मूल्य शिक्षा के लिए समर्पित परिवार जन आमंत्रित रहेंगे, जिसका प्रबोधन कोकड़ी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ही करेंगे। कार्यक्रम में गुजरात के स्कूल शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित कर पूरे भारत वर्ष के सभी विद्यालयों में चेतना विकास मूल्य शिक्षा को अनिवार्य पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की जाएगी।








# विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर हुई विविध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महर्षि विद्या मंदिर के प्रांगण में 20 फरवरी को स्वान युद्ध क्लब द्वारा माय भारत के तत्वावधान में विश्व सामाजिक न्याय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आनंद बोरकर (द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश महासमुंद) रहे। विशिष्ट अतिथियों में संजीव पांडा (अधिवक्ता), प्रकाश गिरी गोस्वामी (प्राचार्य, देव संस्कृति) तथा राजेश कुमार तिवारी (प्राचार्य, महर्षि विद्या मंदिर) की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य अतिथि न्यायाधीश आनंद बोरकर ने विद्यार्थियों को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए न्याय, समानता और अधिकारों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरक उद्बोधन दिया। तत्पश्चात प्राचार्य महर्षि विद्या मंदिर ने विद्यार्थियों को न्याय से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्रदान कीं तथा प्राचार्य देव संस्कृति प्रकाश गिरी गोस्वामी ने भी सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन नंदकुमार साहू ने किया। पूजन की विधिवत व्यवस्था सुभाष पांडे एवं संदीप शर्मा द्वारा कराई गई।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। निर्णायक मंडल में अर्चना गोतमारे, नंदकुमार साहू, गोविंद सिंह ठाकुर, खुशबू कुलदीप, मनीषा अग्रवाल, पम्मी यादव, लोकेश चंद्राकर, आरती मिश्रा एवं दीपमाला बर्मन ने निष्पक्ष निर्णय प्रदान किया।



निबंध लेखन प्रतियोगिता प्रथम भावना साहू, द्वितीय रेवती रमण साहू, तृतीय सेजल पांडा, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम राधिका यादव, द्वितीय भावना टोंड्रे, तृतीय निखिल कुमार ध्रुव, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम यशु साहू, पल्लवी यादव, नेहा निषाद, द्वितीय माही ध्रुव, खुशी नागेश्वर, यामिनी पटेल, तृतीय मीत यादव, आयुष साहू, कामेश सिंह रहे।

कार्यक्रम से जुड़े सभी कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को स्वान यूथ क्लब के अध्यक्ष निलेश कुमार तिवारी द्वारा आभार जताया।





